# सांवरा दयालु है हारे का सहारा है भजन लिरिक्स

सांवरा दयालु है,
हारे का सहारा है,
इनकी कृपा से ही होता,
जग में गुजारा है,
साँवरा दयालु है,
हारे का सहारा है।bd।

तर्ज – आदमी मुसाफिर।

---

गहरा हो दरिया दुखो का जितना,
जोर लगा ले तूफ़ान कितना,
बाबा के होते ना,
दूर किनारा है,
साँवरा दयालु है,
हारे का सहारा है।bd।

---

बिगड़ी बनाता विपदा मिटाता,
भटके हुओं को मंजिल दिखाता,
जीवन में करता,
उजियारा है,
साँवरा दयालु है,
हारे का सहारा है।bd।

---

जग से ना माँगना रोना पड़ेगा,
सम्मान अपना खोना पड़ेगा,
बिन मांगे देता ये,
पालनहारा है,
साँवरा दयालु है,
हारे का सहारा है।bd।

---

‘रूबी-रीधम’ आया इनकी शरण जो,
रहती ना चिंता रहता मगन वो,
अपने प्रेमियों का ये,
रखवारा है,
साँवरा दयालु है,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

हारे का सहारा है।bd।

सांवरा दयालु है,
हारे का सहारा है,
इनकी कृपा से ही होता,
जग में गुजारा है,
साँवरा दयालु है,
हारे का सहारा है।bd।

**Singer – Smita Ganuwala**
**Lyricist – Ruby Garg**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com